**दिनांक–09.05.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं के प्रगति के संबंध में सभी मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता, सभी कार्यपालक अभियंता के साथ VC के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–**

➢ **CGRC:-**

❖ समीक्षा के क्रम में यह संज्ञान में आया कि मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र अंतर्गत कुल–4464 शिकायतें लंबित है। जिनमें 1258 अदद शिकायतें 30 दिन से अधिक की है। प्रक्षेत्र अंतर्गत लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा में कुल–227 शिकायतें लंबित पाई गई। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, दरभंगा द्वारा बताया गया कि 100 शिकायतें पाईपलाईन क्षतिग्रस्त से संबंधित है जहाँ कार्य कराया जा रहा है, 10 शिकायतें नगर परिषद, दरभंगा से संबंधित है, 36 शिकायतें छूटे हुए टोलो से संबंधित है एवं 15 शिकायतें पूर्णतः पाईपलाईन क्षतिग्रस्त से संबंधित है। इस संबंध में संबंधित सहायक अभियंता (मु0) से पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि एक ही पंचायत से 40 शिकायतें हैं जिनका निराकरण दो दिनों में कर दिया जाएगा। सहायक अभियंता (मु0) को निदेशित किया गया कि छूटे हुए टोलों में चल रहे कार्यों का निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कार्यपालक अभियंता, दरभंगा को निदेशित किया गया कि उक्त सभी शिकायतों का निराकरण शीघ्र कराएं।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता / सहायक अभियंता (मु0)।**

❖ समीक्षा के क्रम में संज्ञान में आया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतीपुर अंतर्गत कुल–176 शिकायतें 30 दिनों से अधिक लंबित है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 69 शिकायतें पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान से संबंधित है, 33 शिकायतें में पाईपलाईन क्षतिग्रस्त है, 35 शिकायतें छूटे हुए टोलों से संबंधित है एवं 11 शिकायतें विद्युत भुगतान से संबंधित है। कार्यपालक अभियंता, मोतीपुर द्वारा आश्वासन दिया गया कि पाईपलाईन से संबंधित शिकायतों को एक सप्ताह में निराकरण कर लिया जाएगा। लंबित शिकायतों के संबंध में सहायक अभियंता (मु0) से पूर्व में दिए गए निदेश के संबंध में पृच्छा करते हुए उनको निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। विद्युत शिकायतों के निराकरण के संबंध में संबंधित सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि उक्त शिकायतों का निराकरण यथाशीघ्र सुनिश्चित कराएं।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता / संबंधित सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी / सहायक अभियंता (मु0)।**

❖ समीक्षा के क्रम में संज्ञान में आया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर अंतर्गत कुल–117 शिकायतें 30 दिनों से अधिक लंबित है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 62 शिकायतें पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान से संबंधित है, 15 शिकायतें में छूटे हुए टोलो से संबंधित है जहाँ कार्य प्रगति में है, 18 शिकायतें नये पाईपलाईन बिछाने से संबंधित है, 3 शिकायतें स्थल विवाद से संबंधित है, अन्य 02 शिकायतों में लगभग 800 मीटर पाईपलाईन बिछाने की आवश्यकता है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को

निदेशित किया गया कि स्वयं स्थल भ्रमण करें और इससे संबंधित फोटोग्राफ CGRC ग्रुप में डालना सुनिश्चित करें।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में संज्ञान में आया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा (भोजपुर) अंतर्गत कुल–102 शिकायतें 30 दिनों से अधिक लंबित है। संबंधित सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि 28 शिकायतें पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान से संबंधित है, 25 शिकायतें छूटे हुए टोलो से संबंधित है जहाँ कार्य प्रगति पर है, 11 शिकायतें विद्युत पोल लगाने से संबंधित है एवं अन्य पाईपलाईन लिकेज इत्यादि से संबंधित है। साथ ही यह संज्ञान में आया कि 26 योजनाओं में मोटर जल जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता, अंचल, आरा को निदेशित किया गया कि उक्त योजनाओं की जांच कर प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराएं। विद्युत पोल से संबंधित शिकायतों के संबंध में सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी से पृच्छा किया गया, उनके द्वारा बताए गए कारण की समीक्षा करने हेतु कार्यपालक अभियंता, यांत्रिक प्रमंडल, आरा को निदेशित किया गया।

**अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, आरा/संबंधित<br>कार्यपालक अभियंता यांत्रिक प्रमंडल, आरा।**

❖ समीक्षा के क्रम में संज्ञान में आया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया अंतर्गत कुल–100 शिकायतें 30 दिनों से अधिक लंबित है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 16 शिकायतें पंप ऑपरेटर के मानदेय भुगतान से संबंधित है, 06 शिकायतों में नई पाईपलाईन बिछाने की आवश्यकता है, 38 शिकायतों में नाला/रोड बनाने के क्रम में पाईपलाईन क्षतिग्रस्त है एवं अन्य 45 शिकायतों में निविदा प्रक्रियाधीन है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पूर्व के 15 ऐसे मामले, जहाँ लगभग 1500 मीटर पाईपलाईन बिछाने की आवश्यकता है। निदेश के संबंध में पृच्छा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है। इस आशय का प्रतिवेदन सहायक अभियंता (मु0) को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता/ सहायक अभियंता (मु0)।**

❖ सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को निदेशित किया गया कि 15 दिनों से अधिक एवं 30 दिनों से अधिक सभी लंबित शिकायतों का नियमित रूप से अनुश्रवण कर निराकरण करवायेंगे।

**अनुपालनः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/ सभी अधीक्षण अभियंता (मु0)।**

बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अनुपालन ससमय करने हेतु सभी उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

25.05.26

(संजीव कुमार)<br>विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/वि01–1018/24–439 दिनांक– 27/05/26

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि01–1018/24–439 दिनांक– 27/05/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि01–1018/24–439 दिनांक– 27/05/26

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)